Children now we are starting Class-5 Hindi Grammar-

पाठ -1 भाषा, लिपि और व्याकरण

Scanned with CamScan



पाठ-1


# भाषा, लिपि और व्याकरण

## (Language, Script & Grammar)



नेता जी बोलकर अपने विचार रख रहे हैं।

आम जनता सुनकर समझ रही है।



अध्यापक लिखकर अपनी बात बता रहे हैं।

छात्र-छात्राएँ पढ़कर समझ रहे हैं।

उपर्युक्त चित्रों से यह स्पष्ट हो रहा है कि विचारों का आदान-प्रदान अनेक तरीकों से किया जा सकता है। यही भाषा है।

भाषा वह साधन या माध्यम है, जिसके द्‌वारा बोलकर अथवा लिखकर अपने विचार दूसरों तक पहुँचाए जा सकते हैं तथा दूसरों के विचार सुनकर अथवा पढ़कर समझे जा सकते हैं।

पशु-पक्षी विभिन्न प्रकार की ध्वनियाँ निकालकर आपस में बातें करते हैं, किंतु उनकी ध्वनियों को हम भाषा नहीं कह सकते हैं।

### भाषा की परिभाषा (Definition of Language)

**भाषा वह माध्यम है, जिसके द्‌वारा हम अपने मन के भावों को प्रकट करते हैं और दूसरों के मन के भावों को समझते हैं।**

कभी-कभी हम संकेतों के माध्यम से भी अपनी बातें दूसरों को बताते हैं, इसे सांकेतिक भाषा कहते हैं, लेकिन यह भाषा की श्रेणी में नहीं आती।

संसार में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। जैसे- अँगरेज़ी, जापानी, उर्दू, हिंदी आदि।

**भारतीय भाषाएँ-** भारत एक विशाल देश है। इसमें अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं। वर्तमान में कुल अट्‌ठारह भाषाओं को संविधान द्‌वारा मान्यता प्राप्त है, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में बोली जाती हैं। विभिन्न प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषा को 'प्रादेशिक भाषा' कहते हैं।जैसे- पंजाब की पंजाबी।

| प्रमुख प्रदेशों के नाम | बोली जाने वाली मुख्य भाषा |
|---|---|
| असम | असमिया |
| पश्चिम बंगाल | बंगला |
| तमिलनाडु | तमिल |
| आंध्र प्रदेश | तेलुगू |



Scanned with CamScan

| | |
|---|---|
| जम्मू और कश्मीर | डोगरी, कश्मीरी |
| गुजरात | गुजराती |
| महाराष्ट्र | मराठी |
| दिल्ली | हिंदी |
| बिहार | हिंदी |
| उत्तर प्रदेश | हिंदी |
| मध्य प्रदेश | हिंदी |
| उत्तराखंड | हिंदी |
| छत्तीसगढ़ | हिंदी |
| झारखंड | हिंदी |
| राजस्थान | हिंदी, राजस्थानी |
| हरियाणा | हिंदी |
| मणिपुर | मणिपुरी |

**भारत की राजभाषा-** भारत की राजभाषा हिंदी है। भारतीय संविधान ने 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को राजभाषा घोषित किया। इसीलिए 14 सितंबर को हिंदी दिवस (राजभाषा दिवस) मनाया जाता है।

**अंतर्राष्ट्रीय भाषा-** जो भाषा अधिकांश देशों में बोली व समझी जाती है, वह अंतर्राष्ट्रीय भाषा कहलाती है। अँगरेज़ी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय भाषा का दर्ज़ा प्राप्त है। इसकी लिपि 'रोमन' है।

| प्रमुख देशों के नाम | बोली जाने वाली भाषा |
|---|---|
| इंग्लैंड | अँगरेज़ी |
| अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया | अँगरेज़ी |
| जर्मनी | जर्मन |
| चीन | चीनी |
| जापान | जापानी |
| पाकिस्तान | उर्दू |
| संयुक्त अरब अमीरात | अरबी |
| इरान, इराक | फ़ारसी |
| फ्रांस | फ्रेंच |

**बोली-** यह मुख्य रूप से बोल-चाल की भाषा होती है, जो एक सीमित क्षेत्र में बोली जाती है। इसकी कोई लिपि नहीं होती है। हिंदी भाषा में अनेक बोलियाँ हैं। जैसे- ब्रज, अवधी, भोजपुरी, खड़ी बोली आदि।



Scanned with CamScanner

## लिपि (Script)

किसी भी भाषा को लिखने का तरीका ही उस भाषा की 'लिपि' कही जाती है। प्रत्येक भाषा को लिखने के लिए कुछ चिह्न निर्धारित किए गए हैं। ये चिह्न अलग-अलग प्रकार के हो सकते हैं।

अ, आ, इ, ई ............ (देवनागरी लिपि)

A, B, C, D ............... (रोमन लिपि)

हिंदी की लिपि देवनागरी है। इसे राष्ट्र-लिपि भी कहा जाता है।

लिपि को भली-भाँति समझने के लिए नीचे तालिका को ध्यानपूर्वक देखिए व समझिए-

| भाषा | लिपि | उदाहरण |
|---|---|---|
| हिंदी | देवनागरी | रमन विद्यालय जाता है। |
| अँगरेज़ी | रोमन | Raman goes to school. |
| संस्कृत | देवनागरी | रमनः विद्यालयं गच्छति। |
| पंजाबी | गुरुमुखी | ਰਮਨ ਵਿਦਿਆਲਯ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। |
| उर्दू | फ़ारसी | رمن ودّیالیہ جاتا ہے |

## व्याकरण (Grammar)

व्याकरण वह ज्ञान है, जिससे हम भाषा को शुद्ध रूप में पढ़ना, लिखना व बोलना सीखते हैं। व्याकरण भाषा को नियमों में बाँधता है, जिससे भाषा शुद्ध और सुंदर बनती है। व्याकरण के ज्ञान के बिना भाषा को शुद्ध रूप से जानना असंभव है। किसी भी भाषा को सीखने के लिए उसके वर्णों, शब्दों तथा वाक्यों का ज्ञान होना आवश्यक है।

### व्याकरण की परिभाषा (Definition of Grammar)

व्याकरण वह शास्त्र है, जिससे भाषा को शुद्ध रूप से बोलने, पढ़ने व लिखने के नियमों के बारे में जानकारी प्राप्त होती है।

**व्याकरण के भेद (Kinds of Grammar)**

1. वर्ण-विचार– इसमें वर्णों के बारे में बताया जाता है।
2. शब्द-विचार– इसमें शब्दों के बारे में बताया जाता है।
3. वाक्य-विचार– इसमें वाक्यों के बारे में बताया जाता है।



### विशेष

जो भाषा बच्चा सबसे पहले सीखता है, वह मातृभाषा कहलाती है।



Scanned with CamScan

# अभ्यास

1. दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–
   (i) भाषा किसे कहते हैं? उदाहरण सहित समझाइए।
   (ii) अंतर्राष्ट्रीय भाषा से आप क्या समझते हैं?
   (iii) लिपि से आप क्या समझते हैं? हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
   (iv) व्याकरण के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखिए।
2. सही कथन के आगे (✓) तथा ग़लत कथन के आगे (×) का चिह्न लगाइए–
   (i) गुरुमुखी पंजाबी भाषा की लिपि है।
   (ii) किसी प्रदेश में बोली जाने वाली भाषा राजभाषा कहलाती है।
   (iii) अँगरेज़ी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा का स्थान प्राप्त है।
   (iv) भाषा को नियमों में बाँधने वाला शास्त्र व्याकरण है।
   (v) व्याकरण के तीन भेद होते हैं।
3. ख़ाली जगह भरिए–
   (i) किसी भी भाषा को लिखने का तरीका ही उस भाषा की ______ कही जाती है।
   (ii) उर्दू ______ लिपि में लिखी जाती है।
   (iii) कश्मीर की प्रादेशिक भाषा ______ है।
   (iv) भारत की राजभाषा ______ है।
4. दिए गए वाक्यों में सही शब्द पर गोला बनाइए–
   (i) भाषा को लिखने की विधि लिपि / व्याकरण कहलाती है।
   (ii) संस्कृत भाषा रोमन / देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।
   (iii) पंजाब प्रदेश की भाषा कन्नड़ / पंजाबी है।
   (iv) बोली / लिपि मुख्य रूप से बोल-चाल की भाषा होती है।
5. नीचे दी गई भाषाओं को उनकी लिपियों से मिलाइए–

| भाषा | लिपियाँ |
|---|---|
| हिंदी | फ़ारसी |
| अँगरेज़ी | देवनागरी |
| उर्दू | गुरुमुखी |
| पंजाबी | देवनागरी |
| संस्कृत | रोमन |

6. सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–
   (i) अधिकतर प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषा होती है–
   क. राजभाषा ◯ ख. मातृभाषा ◯ ग. प्रादेशिक भाषा ◯



Scanned with CamScan

(iii) पश्चिम बंगाल में बोली जाने वाली भाषा है–

क. कन्नड़ ◯ ख. बंगला ◯ ग. पंजाबी ◯

(iv) अँगरेज़ी भाषा है–

क. राजभाषा ◯ ख. अंतर्राष्ट्रीय भाषा ◯ ग. प्रादेशिक भाषा ◯

(v) फ्रांस में बोली जाने वाली भाषा है–

क. जापानी ◯ ख. अँगरेज़ी ◯ ग. फ्रेंच ◯

Scanned with CamScan

## पाठ – 1

## भाषा , लिपि और व्याकरण

**1) दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –**

**(i) भाषा किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित समझाइए।**

**उत्तर –** भाषा वह साधन या माध्यम है, जिसके द्वारा बोलकर अथवा लिखकर अपने विचार दूसरों तक पहुँचाए जा सकते हैं तथा दूसरों के विचार सुनकर अथवा पढ़कर समझे जा सकते हैं।

उदाहरण के लिए – अध्यापिका जब कक्षा में पढ़ाती हैं , तो वह अपनी बात बोलकर मौखिक रूप से बच्चों को समझाती हैं । आवश्यकता पड़ने पर वह अपनी बात को लिखकर भी समझाती हैं ।इसी प्रकार बच्चे भी मौखिक रूप से अध्यापिका से प्रश्न पूछकर उनसे उत्तर प्राप्त कर सकते हैं। अध्यापिका और बच्चों के बीच भावों एवं विचारों का आदान- प्रदान जिस माध्यम से होता है, उस माध्यम को भाषा कहते हैं।

**(ii) अंतर्राष्ट्रीय भाषा से आप क्या समझते हैं ?**

**उत्तर –** जो भाषा अधिकांश देशों में बोली और समझी जाती है ,वह अंतर्राष्ट्रीय भाषा कहलाती है। अँगरेज़ी भाषा को अंतर्राष्ट्रीय भाषा का दर्जा प्राप्त है। इसकी लिपि रोमन है।

**(iii) लिपि से आप क्या समझते हैं ? हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?**

**उत्तर –** किसी भी भाषा को लिखने का तरीका ही उस भाषा की लिपि कही जाती है तथा प्रत्येक भाषा को लिखने के लिए कुछ विशेष चिह्न निर्धारित किए गए हैं। हिंदी भाषा देवनागरी लिपि में लिखी जाती है।

**(iv) व्याकरण के कितने भेद होते हैं ? उनके नाम लिखिए।**

**उत्तर –** व्याकरण के तीन भेद होते हैं । इनके नाम हैं -

(क) वर्ण- विचार
(ख) शब्द- विचार
(ग) वाक्य -विचार

**नोट - प्रश्न – उत्तर कॉपी में लिखें ।**

Scanned with CamScan

**2) सही कथन के आगे ( √ ) का तथा गलत कथन के आगे (X) का चिह्न लगाइए -**

(i) गुरुमुखी पंजाबी भाषा की लिपि है। (√)

(ii) किसी प्रदेश में बोली जाने वाली भाषा राजभाषा कहलाती है। (x)

(iii) अँगरेज़ी को अंतर्राष्ट्रीय भाषा का स्थान प्राप्त है। (√)

(iv) भाषा को नियमों में बाँधने वाला शास्त्र व्याकरण है। (√)

(v) व्याकरण के तीन भेद होते हैं। (√)

**3) खाली जगह भरिए-**

(i) किसी भी भाषा को लिखने का तरीका ही उस भाषा की **लिपि** कही जाती है।

(ii) उर्दू **फ़ारसी** लिपि में लिखी जाती है।

(iii) कश्मीर की प्रादेशिक भाषा **डोगरी , कश्मीरी** है।

(iv) भारत की राजभाषा **हिंदी** है।

**4) दिए गए वाक्यों में सही शब्द पर गोला बनाइए-**

(i) भाषा को लिखने की विधि (लिपि) / व्याकरण कहलाती है।

(ii) संस्कृत भाषा रोमन / (देवनागरी) लिपि में लिखी जाती है।

(iii) पंजाब प्रदेश की भाषा कन्नड़ / (पंजाबी) है।

(iv) (बोली) / लिपि मुख्य रूप से बोल - चाल की भाषा होती है।

Scanned with CamScanner

**5) नीचे दी गई भाषाओं को उनकी लिपियों से मिलाइए-**

| भाषा | लिपियाँ |
| --- | --- |
| हिंदी | फ़ारसी |
| अँगरेज़ी | देवनागरी |
| उर्दू | गुरुमुखी |
| पंजाबी | देवनागरी |
| संस्कृत | रोमन |

**6) सही विकल्प पर (√) का चिह्न लगाइए –**

(i) अधिकतर प्रदेशों में बोली जाने वाली भाषा है-

(क) राजभाषा ○ (ख) मातृभाषा ○ (ग) प्रादेशिक भाषा (√)

(ii) पश्चिम बंगाल में बोली जाने वाली भाषा है।

(क) कन्नड़ ○ (ख) बंगला (√) (ग) पंजाबी ○

(iii) अँगरेज़ी भाषा है-

(क) राजभाषा ○ (ख) अंतर्राष्ट्रीय भाषा (√) (ग) प्रादेशिक भाषा ○

(iv) फ्रांस में बोली जाने वाली भाषा है-

(क) जापानी ○ (ख) अँगरेज़ी ○ (ग) फ्रेंच (√)

---

नोट-1) प्रश्न – उत्तर कॉपी में लिखें।

2) प्रश्न क्रमांक 2-6 तक पुस्तक (Book) में हल करें।

3) पुस्तक उपलब्ध न होने पर कार्य किसी रफ़ कॉपी में करें।

Scanned with CamScanner